BULANDSHAHR POLICE

दिनांक – 11 अक्टूबर, 2024 **थाना नरौरा**

बैलोन माता मंदिर में दर्शन करने आये श्रद्धालुओ का सामान चोरी करने वाली 04 अभियुक्ता व 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे/निशांदेही से चोरी की गयी सोने की चेन, मंगल सुत्र व मोबाइल बरामद

जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाये जाने हेतु अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 11.10.2024 को थाना नरौरा पुलिस द्वारा 05 शातिर चोरों को चोरी किया गया 01 मंगल सुत्र, 01 सोने की चेन व 01 मोबाइल सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना नरौरा पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा हैं।

गिरफ्तार अभियुक्त/अभियुक्ताओ का नाम पता-

1. प्रेमवती उर्फ सितारा पत्नी बच्चु सिंह निवासी ग्राम हरगोविन्दपुर थाना जुनावाई जनपद संभल।
2. सुनहरी पत्नी राहुल निवासी उपरोक्त।
3. बच्चु सिंह पुत्र श्याम सिंह निवासी उपरोक्त
4. महेन्द्री पत्नी श्यौदान निवासी ग्राम फाजलपुर माफी उर्फ बढपूरा थाना बछरायूं जनपद अमरोहा।
5. कमला पत्नी नेकचन्द्र निवासी ग्राम नाथपुर थाना सिडपुरा जनपद कासगंज

बरामदगी का विवरणः-

1. 01 चेन(पीली धातु)
2. 01 मंगल सूत्र मय लॉकेट(पीली धातू)
3. 01 मोबाइल वीवो

गिरफ्तार अभियुक्ता प्रेमवती, सुनहरी व अभियुकत बच्चु सिंह द्वारा दिनांक 06.10.2024 को थाना नरौरा क्षेत्रान्तर्गत बैलौन माता मंदिर मे दर्शन करने आयी जनपद संभल निवासी एक महिला के गले से सोने की चेन चोरी करने की घटना कारित की गयी थी जिसके संबंध में थाना नरौरा पर मुअसं-184/24 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत है, इनके कब्जे से चोरी की गयी चेन बरामद की गयी है।

गिरफ्तार अभियक्ता महेन्द्री द्वारा दिनांक 10.10.2024 को थाना नरौरा क्षेत्रान्तर्गत बैलौन माता मंदिर में दर्शन करने आयी जनपद कांसगज निवासी एक महिला के गले से सोने का मंगलसूत्र चोरी करने की घटना कारित की गयी थी जिसके कब्जे से चोरी किया गया मंगलसूत्र बरामद किया गया।

गिरफ्तार अभियक्ता कमला द्वारा दिनांक 10.10.2024 को थाना नरौरा क्षेत्रान्तर्गत बैलौन माता मंदिर में दर्शन करने आये जनपद कांसगज निवासी एक व्यक्ति की जेब से मोबाइल चोरी करने की घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में थाना नरौरा पर मुअसं-187/24 धारा 303(2),317(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया है। जिसके कब्जे से चोरी किया गया मोबाइल बरामद किया गया।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. श्री हरवीर सिंह थाना प्रभारी थाना नरौरा जनपद बुलन्दशहर।
2. उ0नि0 सुखपाल सिंह, उ0नि0(यूटी) रवि, म0उ0नि0(यूटी) अंजू बघेल
3. है0का0 सोनू सिंह, का0 ऋषिपाल, का0 गौरव मोर्य, म0का0 प्रीति, म0क0 रश्मि

मीडिया सेल, बुलंदशहर